## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–01.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा में कृषक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन, वैज्ञानिकों ने किसानों को दी उन्नत तकनीक और योजनाओं की जानकारी।
- झामुमो ने रिम्स टू की जमीन को लेकर बाबूलाल मरांडी पर राजनीति का लगाया आरोप – कहा, नेता प्रतिपक्ष सही फोरम पर रखें अपनी बात।
- राज्य के विभिन्न जिलों में कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली का किया आयोजन, नेताओं ने संविधान की अहमियत पर दिया जोर।
- गिरिडीह पुलिस ने बाइक और मोबाइल चोरी गिरोह का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, पांच बाइक और नौ मोबाइल बरामद।
- आईपीएल टी–20 क्रिकेट के दूसरे क्लावीफायर मैच में आज मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से होगा।

******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा जिले में नाला प्रखंड के पंजनियां, मधुबन और छुटबोना गांव में कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र की टीम ने किसानों से सीधा संवाद कर उन्नत कृषि तकनीक, पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही किसानों को केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर वैज्ञानिक डॉक्टर सुप्रिया सिंह ने किसानों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में सुझाव दिए।

******************

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने रिम्स टू की प्रस्तावित जमीन को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर तीखा निशाना साधा है। आज रांची मे पत्रकारों से बातचीत मे उन्होंने कहा कि सरकार रिंग रोड के किनारे रिम्स टू स्थापित करने पर विचार कर रही है, लेकिन बाबूलाल मरांडी आदिवासी जमीन के नाम पर रैयतों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। श्री भट्टाचार्य ने प्रतिपक्ष नेता से सही फोरम पर अपनी बातों को रखने की अपील की है।

******************

राज्य के कई जिलों में आज कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया। पलामू जिले में आयोजित संविधान बचाओ रैली में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, बंधु तिर्की समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। इस रैली की शुरुआत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क से बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिवाजी मैदान तक पहुंची। इसके बाद टाउन हॉल में आयोजित संगोष्ठी में नेताओं ने संविधान की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार रखे। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पिछड़ों और गरीबों की आवाज उठाने के कारण भाजपा ने उनका टिकट काटा था।

******************

इधर सरायकेला–खरसावां जिले में भी कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा आलम और महासचिव अजय सिंह ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने केंद्र सरकार पर मौलिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया।

******************

तेल कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती कर दी है।घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम पहले जैसे ही रहेंगे। इससे पहले इसी साल अप्रैल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती की गई थी।

******************

गिरिडीह पुलिस ने मोटरसाइकिल और मोबाइल चोरी के बड़े गिरोह का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल और नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए। एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने धनबाद और देवघर से चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल बेचने की बात कबूल की है।

******************

हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की दो बेटियों ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

राज्य में छह जून तक विभिन्न जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि एक ट्रफ लाइन उत्तर–पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूर्वी विदर्भ तक सक्रिय है, जिससे वर्षा की स्थिति बनी है। आज रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 36.5 डिग्री सेल्सियस और डालटेनगंज में 37 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

******************

अब कुछ खेल की खबरें–

- आईपीएल टी–20 क्रिकेट के दूसरे क्लावीफायर में, आज अहमदाबाद में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। विजेता टीम मंगलवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के साथ खेलेगी। मुंबई इंडियंस ने अब तक पांच खिताब जीते हैं जबकि पंजाब ने एक बार भी खिताब नहीं जीता है।
- लोहरदगा के बीएस कॉलेज शूटिंग रेंज में जिला राइफल एसोसिएशन के तहत चार दिवसीय शूटिंग समर कैंप–सह–टैलेंट हंट का उद्घाटन आज किया गया। इस मौके पर उपायुक्त कुमार ताराचंद ने इसे जिले के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि यह आयोजन खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है और युवाओं को कॅरियर के नए अवसर देगा। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने शूटिंग रेंज को हरसंभव सहयोग देने की बात कही और अभ्यास सत्र में शामिल होने की इच्छा जताई।

*******समाप्त********